
# खादी महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 25 अक्तूबर 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में एन. एस. एस. ईकाई के द्वारा खादी महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने की। 20 स्वयं सेविकाओं ने बहुत ही सुंदर-सुंदर स्लोगन के माध्यम से यह संदेश दिया कि हम खादी को अपना कर न केवल गांधी जी के सपने को पूरा कर सकते हैं अपितु स्वाबलंबी भी बन सकते है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी. ए. द्वितीय वर्ष की स्नेह, द्वितीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की बिंदु व तृतीय स्थान पर बी. ए. तृतीय वर्ष की कोमल रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉक्टर सुषमा गर्ग व गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती तनु ने निभाई। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आरती सैनी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्म शक्ति व मनोबल को बढ़ाती है। उन्होंने बताया कि एन.एस.एस. इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करवाता रहता है। इस खादी महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।








शनिवार • 28.10.2023
amarujala.com/jind

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में स्नेह अव्वल

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को खादी महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। 20 स्वयं सेविकाओं ने बहुत ही सुंदर-सुंदर स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया कि हमें खादी को अपना कर न केवल महात्मा गांधी के सपने को पूरा कर सकते हैं अपितु स्वालंबी भी बन सकते हैं। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की स्नेह ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की बिंदु ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुषमा गर्ग ने व होम साइंस विभाग की प्राध्यापिका तनु ने निभाई। कार्यक्रम अधिकारी आरती सैनी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्म शक्ति व मनोबल को बढ़ाती है। संवाद

कार्यक्रम के तहत स्लोगन दिखाती छात्रा। स्वयं